सबगुरु डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म
फेसबुक पेज लिंक https://www.facebook.com/sabgurunews/
वेबसाइट लिंक https://www.sabguru.com/
यूट्यूब चैनल लिंक https://www.youtube.com/channel/UCCcLf90UP-prqTinNwqUXZg/
English Article Link: https://www.sabguru.com/en/the-role-of-dopamine-under-standing-the-feel-good-hormone/

SABGURU NEWS

पो.रजि. नं. आरजे/एजे/211/2025-27

PRGI. No. RAJBIL/2023/88629

खबरों के लिए स्कैन करें

# सबगुरु न्यूज

(राष्ट्रीय द्विभाषीय पाक्षिक)

मो.9887907277 Email ID sabgurunews@gmail.com Website https://www.sabguru.com

सम्पादक - विजय सिंह

वर्ष 2 | अंक 20 | अजमेर, गुरुवार 10 अप्रैल 2025 | मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-4

# कांग्रेस ने किया किसानों और युवाओं के साथ विश्वासघात -भजनलाल शर्मा

श्रीगंगानगर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार का संकल्प है कि किसानों के जीवन में समृद्धि लाने के लिए उसकी उपज का उचित मूल्य मिले और वह किसानों की भलाई और खेती की मजबूती के लिए निरन्तर काम कर रही है तथा प्रदेश में पानी की समस्या को हल करने के लिए अनेक ऐतिहासिक कदम उठाने सहित संकल्प पत्र के सभी वादों को पूरा कर रही हैं जबकि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय किसानों से झूठे वादे किए गए और युवाओं के साथ भी विश्वासघात किया गया।शर्मा अपनी हनुमानगढ़ एवं गंगानगर की दो दिवसीय यात्रा के दूसरे दिन बुधवार को गंगानगर में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न संवाद कार्यक्रमों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि अन्नदाता को उसकी उपज का उचित मूल्य मिले जिससे उनके जीवन में समृद्धि आए। हमारा लक्ष्य है कि फसल की न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी पर खरीद और उसका समय पर भुगतान हो। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के लिए सिंचाई व्यवस्था को बेहतर बनाना प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर है। हमारी सरकार किसानों की भलाई और खेती की मजबूती के लिए निरन्तर काम कर रही है।उन्होंने कहा कि गंगानगर की भूमि किसानों की भूमि है। यहां के किन्नू का स्वाद पूरी दुनिया को भाता है। उन्होंने कहा कि नहर एवं सिंचाई प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए उन्होंने कल हरिके से लेकर लोहागढ़ एवं लखुवाली हेड तक निरीक्षण किया तथा आज वे शिवपुर हेड का निरीक्षण करेंगे।

शर्मा ने कहा कि प्रदेश में पिछली सरकार ने अपने पूरे पांच साल के कार्यकाल में केवल 5 लाख 53 हजार मीट्रिक टन मूंगफली की खरीद की। जबकि हमारी सरकार बनने के बाद 4 लाख 85 हजार मीट्रिक टन मूंगफली की खरीद की जा चुकी है। ऐसे ही पिछली सरकार में मूंगफली का समर्थन मूल्य 5 हजार 850 रुपये था जिसे हमारी सरकार ने बढ़ाकर 6 हजार 783 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में वर्ष 2022-23 में सरसों का एममसपी 5 हजार 50 रुपये थाए जिसे भी हमारी सरकार ने बढ़ाकर अब 5 हजार 950 रूपए प्रति क्विंटल कर दिया है। हमारी किसान हितैषी सरकार द्वारा चना भी 5 हजार 650 रूपए प्रति क्विंटल की एमएसपी पर खरीदा जाएगा। शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार बनते ही हमने प्रदेश में पानी की समस्या को हल करने के लिए अनेक ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। हमने पहले ही महीने में लंबे समय से अटकी ईआरसीपी को लेकर महत्वरपूर्ण समझौता किया। इस परियोजना का काम अब धरातल पर तेजी से हो रहा है। इसी तरह हमने शेखावाटी को यमुना जल समझौते की सौगात दी है। माही बेसिन में जल प्रबंधनए देवास प्रोजेक्ट नर्मदा का पानी के लाभ अन्य जिलों को मिलनेए राजस्थान वाटर ग्रिड कॉर्पोरेशन स्थापना आईजीएनपी प्रणाली का सुदृढ़ीकरण जैसे विभिन्न निर्णयों से राज्य में सिंचाई एवं पेयजल के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीगंगानगर और उससे जुड़े क्षेत्रों में जल संसाधनों को सुदृढ़ करने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू की गई हैं। फिरोजपुर फीडर के अंतर्गत 200 करोड़ रुपये की लागत के कार्यए कंवरसेन लिफ्ट नहर क्षेत्र में क्षतिग्रस्त खालों के जीर्णोद्धार का कार्य भाखड़ा और गंगनहर परियोजना के अंतर्गत शेष रहे खालों का निर्माण 200 करोड़ रुपए की लागत से रायसिंहनगर अनूपगढ़, घड़साना, रावला और श्रीविजयनगर के 44 हजार हेक्टेयर सिंचित क्षेत्र में पक्के खालों का पुनर्निर्माण जैसे कार्यों से स्थानीय किसानों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने श्रीगंगानगर में मिनी सचिवालय की मांग को पूरा करते हुए 40 करोड़ रूपये की स्वीकृति जारी कर दी है।शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार समृद्ध एवं खुशहाल राजस्थान की परिकल्पना को साकार करने के निरन्तर निर्णय ले रही है। उन्होंने कहा कि गेहूं के एमएसपी में वृद्धि किसान सम्मान निधि में बढ़ोत्तरी 47 लाख किसानों को अल्पकालीन ब्याज मुक्त फसली ऋण का वितरण प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत तीन हजार करोड़ रुपये से अधिक के बीमा क्लेम वितरित जैसे निर्णयों से किसानो को राहत मिल रही है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने किसानों से झूठे वादे किए और युवाओं के साथ भी विश्वासघात किया। हमारी सरकार किसानों के लिए एमएसपी को बढ़ाने से लेकर पेपरलीक प्रकरणों में दोषियों को सजा दिलाने का कार्य करते हुए संकल्प पत्र के सभी वादों को पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार ने पिछले दो वर्षों में राजस्थान में विकास की नई ऊंचाइयां प्राप्त की हैं। हम युवाओं को पांच वर्ष में चार लाख नौकरियां देंगे। महिलाओं के लिए प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना में देय राशि में वृद्धिए 14 लाख से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी का प्रशिक्षण मा वाउचर योजनाए लाडो प्रोत्साहन जैसी योजनाएं शुरू की गई है। इस अवसर पर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा, ऊर्जा राज्यमंत्री हीरालाल नागर, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, विधायक गुरवीर सिंह बराड़, पूर्व केंद्रीय मंत्री निहालचंद, जिलाध्यक्ष शरणपाल सिंह मान, श्रीयादे माटी कला बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद टाक सहित पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।






## सीएम भजनलाल और सुरेश रावत ने शिवपुर हैड का किया निरीक्षण

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने श्रीगंगानगर जिले के शिवपुर हैड का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में जल आपूर्ति व्यवस्था सिंचाई प्रबंधन एवं जल संरक्षण की स्थिति की गहन समीक्षा की गई। निरीक्षण के पश्चात अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जल प्रबंधन में पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाए जिससे किसानों को समय पर सिंचाई जल उपलब्ध हो सके और फसलों की उत्पादकता में वृद्धि हो।मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए सतत प्रयासरत है। शिवपुर हैड जैसे महत्वपूर्ण जल स्रोतों का संरक्षण एवं प्रबंधन हमारी प्राथमिकता है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि खेतों तक जल की समुचित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ हीए जल के दुरुपयोग को रोकने के लिए जन जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा।जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि हमारी सरकार सिंचाई तंत्र को और अधिक सशक्त बना रही है। शिवपुर हैड पर आवश्यक मरम्मत कार्यों एवं तकनीकी सुधारों की योजना तैयार की जा रही है ताकि आगामी कृषि सत्र में किसानों को किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो।

## प्रधानमंत्री मोदी की राजयोगिनी दादी रतन मोहिनीजी को श्रद्धांजलि



सिरोही/नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रजापिता ब्रह्मकुमारी संस्था की प्रमुख राजयोगिनी दादी के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा है कि रतन मोहिनीजी की आध्यात्मिक उपस्थिति बहुत बड़ी थी और उनका जीवन आगे आने वाले समय में लोगों को प्रेरित करता रहेगा।प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर दादी रतन मोहिनी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए लिखा कि रतन मोहिनीजी की आध्यात्मिक उपस्थिति बहुत बड़ी थी। वह प्रकाश पुंज, ज्ञान और करुणा की मूर्ति थीं। उनकी जीवन.यात्रा गहरी आस्था सादगी और सेवा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता की यात्रा रही जो आने वाले समय में बहुतों को प्रेरित करेगी।मोदी ने कहा कि रतन मोहिनीजी ने ब्रह्माकुमारी के वैश्विक आंदोलन को उत्कृष्ट नेतृत्व प्रदान किया।

# पार्टी में किसी भी प्रकार के भेदभाव करने वाले के लिए जगह नहीं है - मदन राठौड़



जयपुर। राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा है कि पार्टी में किसी भी प्रकार की अस्पृश्यता करने वाले और जाति लिंग या मजहब के आधार पर भेदभाव करने वालों के लिए जगह नहीं है। राठौड़ ने मंगलवार को पत्रकारों से कहा कि पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा के बयान और कृत्य के बाद उन्हें पार्टी ने तत्काल प्रभाव से सदस्यता से निलंबित कर दियाए इसके साथ ही उन्हें कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है। आहूजा का यह कृत्य घोर अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी नेताओं के पास कोई मुद्दा नहीं बचा तो वे बिना वजह इस मामले को तूल देने का कार्य कर रहे हैं। आहूजा के बयान के बाद पार्टी ने जब तत्काल कार्रवाई कर दी तो इस मामले पर राजनीति नहीं करनी चाहिए थी। अब कांग्रेस के पास कोई काम बचा ही नहीं क्या।राठौड़ ने कहा कि भाजपा की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करने के साथ ही यह प्रतिज्ञा दिलाई जाती है मैं किसी भी रूप में अस्पृश्यता को नहीं मानता हूंए न उसे व्यवहार में आने देता हूं। मैं जाति लिंग एवं मजहब के आधार पर किसी प्रकार के भेद.भाव पर विश्वास नहीं करता हूं लेकिन आहूजा ने ऐसा कृत्य किया जिसे पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी की ओर से इसे घोर अनुशासनहीनता मानते हुए कार्रवाई भी की।

उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि भाजपा अल्पसंख्यकों के कल्याण और उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है लेकिन कुछ अल्पज्ञान वाले लोगों के चलते हमारी मेहनत खराब हो जाती है। ऐसे में मेरा सभी से आह्वान है कि किसी भी तरह का कृत्य करने या बयान जारी करने से पहले हमें पार्टी की विचारधारा और कार्यशैली को समझने की जरूरत है।राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस नेता उस्मान खान द्वारा मंदिर के बाहर खड़े लोगों के ऊपर कार चढ़ाने के मामले को कांग्रेस पार्टी गंभीरता से लेए लेकिन इस विषय पर बोलने की बजायए जो मुद्दा नहीं है उसे तूल दिया जा रहा है।

## पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित



जयपुर। राजस्थान भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया है। पार्टी के प्रदेश महामंत्री दोमोदर अग्रवाल द्वारा जारी पत्र में आहूजा को जारी किये गये कारण बताओ नोटिस में कहा कि आपने प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करते समय यह प्रतिज्ञा की थी कि मै किसी भी रूप से अस्पृश्यता को नहीं मानता हूं न उसे व्यवहार में आने देता हूं मैं जाति लिंग एवं मजहब के आधार पर किसी प्रकार के विभेद पर विश्वास नहीं करता हूं।पत्र में कहा कि अलवर जिले के रामगढ़ स्थित श्रीराम मंदिर में राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली द्वारा पूजा.अर्चना एवं दर्शन करने का विरोध करते हुए आपने कहा कि उनके मंदिर दर्शनोपरान्त गंगाजल से मंदिर में छिड़काव किया जाएगा। इसके बाद आपने मंदिर में जाकर गंगाजल से छिड़काव किया है।

उन्होंने कहा कि आपके इस प्रकार कथन तथा कृत्य से पार्टी की छवि धूमिल हुई है। आपका उक्त कृत्य घोर अनुशासनहीनता की परिभाषा में आता है। अतः आपको भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित किया जाता है। आपके विरुद्ध लगाए गए आरोप के संबंध में कोई स्पष्टीकरण देना हो तो तीन दिवस में लिखित में प्रदेश अध्यक्ष को प्रस्तुत कर सकते हैं।

## सम्पादकीय

# टैरिफयुद्ध का भारतीय अर्थव्यवस्था पर नहीं होगा अधिक प्रभाव

दिनांक 2 अप्रैल 2025 को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा विभिन्न देशों से अमेरिका में होने वाले आयातित उत्पादों पर की गई टैरिफसम्बंधी घोषणा के साथ ही अंततः अमेरिका द्वारा पूरे विश्व में टैरिफके माध्यम से व्यापार युद्ध छेड़ दिया गया है। अभीए अमेरिका ने विभिन्न देशों से अमेरिका में होने वाले आयात पर विभिन्न दरों पर टैरिफलगाया है। अब इनमें से कई देश अमेरिका से आयातित वस्तुओं पर टैरिफलगाने की घोषणा कर रहे हैं जैसे चीन ने अमेरिका से चीन में आयात होने वाले उत्पादों पर दिनांक 10 अप्रैल 2025 से 34 प्रतिशत की दर से टैरिफलगाने की घोषणा की है। टैरिफके माध्यम से छेड़े गए व्यापार युद्ध का भारत पर कोई बहुत अधिक विपरीत प्रभाव पड़ने की सम्भावना कम ही है। दरअसलए अमेरिका ने विभिन्न देशों से आयातित उत्पादों पर अलग अलग दर से टैरिफ लगाने की घोषणा की है और साथ ही कुछ उत्पादों के आयात पर फ़िलहाल टैरिफकी नई दरें लागू नहीं की गई हैं। टैरिफकी यह दरें 9 अप्रैल 2025 से लागू होंगी। विभिन्न देशों से अमेरिका में आयात होने वाले उत्पादों पर 10 प्रतिशत की दर से न्यूनतम टैरिफलगाया गया है। साथ हीए कुछ अन्य देशों यथा चीन से आयातित उत्पादों पर 34 प्रतिशत टैरिफलगाने की घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति ने की है। इसी प्रकार वियतनाम से आयातित उत्पादों पर 46 प्रतिशत ताईवान पर 32 प्रतिशतए थाईलैंड पर 36 प्रतिशत भारत पर 26 प्रतिशत दक्षिण कोरिया पर 25 प्रतिशतए इंडोनेशिया पर 32 प्रतिशत स्विट्जरलैंड पर 31 प्रतिशत मलेशिया पर 24 प्रतिशतए कम्बोडिया पर 49 प्रतिशतए दक्षिणी अफ्रीका पर 30 प्रतिशतए बांग्लादेश पर 37 प्रतिशत पाकिस्तान पर 29 प्रतिशत श्रीलंका पर 44 प्रतिशत और इसी प्रकार अन्य देशों से आयातित वस्तुओं पर भी अलग अलग दरों से टैरिफलगाने की घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति ने की है। कुछ उत्पादों जैसेए स्टील एल्यूमिनियम ऑटो ताम्बा फार्मा उत्पाद सेमीकंडक्टरए एनर्जीए बुलीयन एवं अन्य महत्वपूर्ण मिनरल्स को अमेरिका में आयात पर टैरिफके दायरे से बाहर रखा गया है। अमेरिका का मानना है कि वैश्विक स्तर पर अन्य देश अमेरिका में उत्पादित वस्तुओं के आयात पर भारी मात्रा में टैरिफलगाते हैं जबकि अमेरिका में इन देशों से आयात किए जाने वाले उत्पादों पर अमेरिका द्वारा बहुत कम दर पर टैरिफ लगाया जाता है अथवा बिलकुल नहीं लगाया जाता है। जिससेए अमेरिका से इन देशों को निर्यात कम हो रहे हैं एवं इन देशों से अमेरिका में आयात लगातार बढ़ते जा रहे हैं। इस प्रकारए अमेरिका का व्यापार घाटा असहनीय स्तर पर पहुंच गया है। इसके साथ साथ अमेरिका में विनिर्माण इकाईयां बंद होकर अन्य देशों में स्थापित हो गई हैं और इससे अमेरिका में रोजगार के नए अवसर भी निर्मित नहीं हो पा रहे हैं। अब ट्रम्प प्रशासन ने अमेरिका को पुनः विनिर्माण इकाईयों का हब बनाने के उद्देश्य से अमेरिका को पुनः महान बनाने का आह्वान किया है और इसी संदर्भ में विभिन्न देशों से आयातित उत्पादों पर भारी मात्रा में टैरिफलगाने का निर्णय लिया गया है ताकि अमेरिका में आयातित उत्पाद महंगे हों और अमेरिकी नागरिक अमेरिका में ही निर्मित वस्तुओं का उपयोग करने की ओर प्रेरित हों। वर्तमान में बढ़े हुए टैरिफका बोझ अमेरिकी नागरिकों को उठाना पड़ेगा और उन्हें अमेरिका में महंगे उत्पाद खरीदने होंगेए क्योंकि नई विनिर्माण इकाईयों की स्थापना में तो वक्त लग सकता है विभिन्न वस्तुओं का उत्पादन तुरंत तो बढ़ाया नहीं जा सकता अतः जब तक नई विनिर्माण इकाईयों की अमेरिका में स्थापना हो एवं इन विनिर्माण इकाईयों में उत्पादन शुरु हो तब तक अमेरिकी नागरिकों को महंगे उत्पाद खरीदने हेतु बाध्य होना पड़ेगा। इससे अमेरिका में एक बार पुनः मुद्रा स्फीति की समस्या उत्पन्न हो सकती है एवं ब्याज दरों के कम होने के चक्र में भी देरी होगीए बहुत सम्भव है कि मुद्रा स्फीति को कम करने की दृष्टि से एक बार पुनः कहीं ब्याज दरों के बढ़ने का चक्र प्रारम्भ न हो जाए। लम्बे समय में जब अमेरिका में विनिर्माण इकाईयों की स्थापना हो जाएगी एवं इन इकाईयों में उत्पादन प्रारम्भ हो जाएगा तब जाकर कहीं मुद्रा स्फीति पर अंकुश लगाया जा सकेगा। विभिन्न देशों से आयातित उत्पादों पर टैरिफ सम्बंधी घोषणा के साथ हीए डॉलर पर दबाव पड़ना शुरू भी हो चुका है एवं अमेरिकी डॉलर इंडेक्स घटकर 102 के स्तर पर नीचे आ गया है जो कुछ समय पूर्व तक लगभग 106 के स्तर पर आ गया था। इसी प्रकार अमेरिका में सरकारी प्रतिभूतियों की 10 वर्ष की बांड यील्ड पर भी दबाव दिखाई दे रही है और यह घटकर 4.08 के स्तर पर नीचे आ गई हैए यह कुछ समय पूर्व तक 4ण्70 के स्तर से भी ऊपर निकल गई थी। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपए की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़नी प्रारम्भ हो गई है एवं यह पिछले चार माह के उच्चतम स्तरए लगभग 85 रुपए प्रति अमेरिकी डॉलरए पर आ गई है। ट्रम्प प्रशासन के टैरिफ सम्बंधी लिए गए निर्णयों का अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक असर लम्बी अवधि में तो हो सकता है परंतु छोटी अवधि में तो निश्चित ही यह अमेरिकी अर्थव्यवस्था को विपरीत रूप से प्रभावित करते हुए दिखाई दे रहा है। अमेरिकी पूंजी बाजार ;शेयर बाजार केवल दो दिनों में ही लगभग 10 प्रतिशत तक नीचे गिर गया है और अमेरिकी निवेशकों को लगभग 5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुकसान हुआ है।

# जयपुर में तेज रफ्तार कार ने 8 को कुचला, 3 की मौत 5 घायल



जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर के नाहरगढ़ थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार के कुचलने से तीन लोगों की मौत हो गई तथा पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। शहर उपायुक्त ;उत्तर रश्मी डोगरा ने बताया कि शहर में सोमवार देर रात एसयूवी कार चालक ने करीब आधा किलोमीटर तेज रफ्तार से कार चलाते हुए आठ लोगों को चपेट में ले लिया। कार ने सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों एवं कई दोपहिया वाहनों को भी चपेट में ले लिया।



हादसे में ममता कुंवर 50 एवं अवधेश पारीक 37 की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल वीरेन्द्र सिंह ;48 ने मंगलवार सुबह अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ा। हादसे में गंभीर रूप से घायल पांच लोगों का एसएमएस अस्पताल में भर्ती है। उधर इस घटना से गुस्साएं बडी संख्या में लोगों ने एकत्रित होकर नाहरगढ थाना के बाहर धरना प्रदर्शन किया। अतिरिक्त उपायुक्त बजरंग सिंह सहित पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंच कर लोगों से समझाईश की। सिंह ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस घटना को हृदयविदारक बताते हुए कहा कि ऐसे कृत्य को करने करने वाले अपराधी पर गंभीर धाराओं में मुकदमा चलाना चाहिए। गहलोत ने ईश्वर से हादसे में जान गंवाने वाले लोगों की आत्मा की शांति एवं परिजनों को हिम्मत देने एवं घायलों के जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

## आरोपी जयपुर कांग्रेस शहर उपाध्यक्ष उस्मान खान बर्खास्त

जयपुर में कार से कुचल देने से तीन लोगों की मौत और पांच लोगों के घायल हो जाने के मामले के बाद कांग्रेस ने अपने जयपुर शहर उपाध्यक्ष उस्मान खान को पद से बर्खास्त कर दिया हैं। जिला जयपुर शहर अध्यक्ष आरआर तिवाड़ी के अनुसार उस्मान खान द्वारा सोमवार देर रात शहर में कार से कुचलने से तीन लोगों की मौत का मामला सामने आते ही पार्टी ने तुरंत संज्ञान लेते हुए आरोपी उस्मान खान को पार्टी जयपुर शहर के उपाध्यक्ष पद से बर्खास्त कर दिया है।तिवाड़ी ने कहा कि इस तरह की घटना नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मांग की कि आरोपी को इस मामले में सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने हादसे के मृतकों के आश्रितों एवं परिजनों को मुआवजा भी दिया जाना चाहिए।



## औषधि नियत्रंण जयपुर का अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी रिश्वत लेते अरेस्ट

जयपुर। राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ;एसीबी ने जिला खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियत्रंण जयपुर कार्यालय में अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी को पांच हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने सोमवार को बताया कि एसीबी की जयपुर नगर प्रथम इकाई को परिवादी ने शिकायत की कि दिनेश कुमार अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी उनकी मेडिकल की दुकान का नाम परिवर्तन करने की एवज में पांच हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा है।उन्होंने बताया कि इस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र के नेतृत्व में ब्यूरो के दल ने सत्यापन के बाद जाल बिछाकर मंगलवार को दिनेश कुमार को परवादी से परिवादी से पांच हजार रुपए की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

## भीलवाड़ा में ऑटो पलटने से प्राचार्य शालू गोयल की मौत



भीलवाड़ा। राजस्थान में भीलवाड़ा शहर के पॉलिटेक्निक कॉलेज की प्राचार्य प्रो. शालू गोयल की बुधवार को यहां एक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार तिलक नगर स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज की प्राचार्य अजमेर निवासी शॉलू गोयल ऑटो रिक्शा से कॉलेज जा रही थी। मंगल पांडे सर्किल पर एक कार की टक्कर लगने से ऑटो पलट गया। ऑटो के नीचे दबने से प्राचार्य शालू गोयल की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक अध्यापक और ऑटो चालक घायल हो गया। घटना में घायल दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## ब्राह्मण महासभा युवा प्रकोष्ठ के नरेश मुद्गल बने अध्यक्ष



अजमेर। राजस्थान ब्राह्मण महासभा प्रदेश अध्यक्ष केसरी चंद शर्मा के निर्देशानुसार युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट रामानुज शर्मा ने राजस्थान ब्राह्मण महासभा युवा प्रकोष्ठ अजमेर की कार्यकारिणी की घोषणा की। जिला अध्यक्ष नरेश मुद्गल वरिष्ठ उपाध्यक्ष पल्लव शर्मा,श्रवण गौड़, आशीष जोशी एवं उपाध्यक्ष पद पर महेश्वर झाए गगन आत्रेय सहित 11 उपाध्यक्ष, आनंद जोशी सहित 2 महामंत्री, 8 सचिव 6 सहसचिव, 3 प्रचार मंत्री, 2 प्रवक्ता, 2 कोषाध्यक्ष, 3 मीडिया प्रभारी नियुक्त किए गए।

## डेरा प्रमुख राम रहीम को मिला 21 दिन का फरलो

चंडीगढ़। साध्वी यौन शोषण एवं पत्रकार रामचंदर छत्रपति की हत्या के मामले में 20 वर्ष की कैद की सजा भुगत रहे सिरसा डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत सिंह राम रहीम को बुधवार को 21 दिन के फरलो पर रोहतक की सुनारिया जेल से रिहा कर दिया गया।

हरियाणा सरकार ने पिछले सात वर्षों में 14वीं बार डेरा प्रमुख का परोलध्फरलो मंजूर किया है जिसमें से अधिकांश किसी न किसी चुनाव के आसपास किए गए हैं। पिछली बार दिल्ली विधानसभा चुनाव से एक सप्ताह पहले राम रहीम को 30 दिन के परोल पर रिहा किया गया था। उससे पहले पिछले साल लोकसभा चुनावए हरियाणा विधानसभा चुनाव के मौकों समेत राम रहीम को परोल फरलो पर जेल से रिहा किया गया था।

## अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा के खिलाफ नया जमानती वारंट जारी



मुंबई। मुंबई की एक अदालत ने बॉलीवुड अभिनेता सैफअली खान और दो अन्य से जुड़े 2012 के होटल विवाद मामले में गवाह अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा के खिलाफनया जमानती वारंट जारी किया है।अदालत ने सबसे पहले 15 फरवरी को अरोड़ा के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया था। अदालत गवाहों के बयान दर्ज करने की प्रक्रिया में है। मामले की अगली सुनवाई 29 अप्रैल को होगी।मलाइका उस समूह का हिस्सा थीं जो 22 फरवरी.2012 को कथित घटना के समय सैफअली खान के साथ होटल में डिनर के लिए गए थे। सैफअली खान और दो अन्य आरोपियों को व्यवसायी इकबाल मीर शर्मा की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के बाद गिरफ्तार किया गया था। तीनों को बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया।जब यह झगड़ा हुआ उस समय अभिनेता के साथ उनकी पत्नी करीना कपूरए उनकी बहन करिश्मा कपूर, मलाइका अरोड़ाए अमृता अरोड़ा और कुछ पुरुष मित्र होटल में मौजूद थे।

# प्रियांश आर्य ने जड़ा आईपीएल 2025 का सबसे तेज शतक



मुल्लांपुर। पंजाब किंग्स के प्रियांश आर्य मंगलवार को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ महज 39 गेंदों शतक बनाकर इंडियन प्रीमियर लीग ;आईपीएलद्ध 2025 में सबसे तेज शतक बनाने वाले अनकैप्ड खिलाड़ी बन गए। 22 वर्षीय दाएं हाथ के इस बल्लेबाज प्रियांश चेन्नई सुपर किंग्स के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। इस पारी के साथ प्रियांश आईपीएल इतिहास में सबसे तेज शतक लगाने वाले लोगों की सूची में शामिल हो गए। वह ट्रैविस हेड 2024 के साथ बराबरी पर हैं। वह क्रिस गेल ;30 गेंद 2013 यूसुफपठान ;37 गेंदए 2010 और डेविड मिलर ;38 गेंद 2013 से पीछे हैं। प्रियांश ने संकट के समय तूफानी बल्लेबाजी की पथिराना और रवींद्र जडेजा जैसे गेंदबाजों पर करारे प्रहार किए। उनकी यह पारी दिल्ली प्रीमियर लीग में उनके कारनामों की याद दिलाती हैए जहां उन्होंने एक ओवर में छह छक्के लगाए थे। प्रियांश ने अपनी 103 रनों की पारी में नौ छक्के और सात चौके लगाए। प्रियांश इस शतक के साथ शॉन मार्श ;2008 मनीष पांडे 2009 पॉल वल्थाटी ;2011 देवदत्त पडिक्कल ;2021 रजत पाटीदार 2022 यशस्वी जायसवाल 2022 और प्रभसिमरन सिंह 2023 सहित अनकैप्ड खिलाड़ियों द्वारा आईपीएल शतकों के एक विशेष क्लब में शामिल हो गए हैं।



# राजस्थान और गोवा पर्यटन के ऐतिहासिक धरोहर- देवनानी

गोवा/जयपुर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने राजस्थान और गोवा पर्यटन की दृष्टि से राष्ट्र के ऐतिहासिक धरोहर बताते हुए कहा है कि गोवा में समुद्र तट और राजस्थान में रेत के धोरे देश एवं विदेश के लोगों के लिए आकर्षण के केन्द्र हैं।देवनानी ने गोवा में राजस्थान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि राजस्थान की जीवनशैली सादगी और आतिथ्य प्रेम के लिए और गोवा की जीवनशैली प्रकृति से निकटता से जुडने का माध्यम है। रा'यों की सांस्कृतिक विविधता ही राष्ट्र की एकता का परिचायक है।

कार्यक्रम में गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत एवं केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीपद नायक भी मौजूद थे। यह समारोह एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत आयोजित किया गया।समारोह में बडी संख्या में राजस्थान के प्रवासी लोग मौजूद थे। समारोह में राजस्थान के लोक नृत्य और गीत प्रस्तुत किए गए। इससे पहले समारोह का शुभारंभ श्री देवनानी ने दीप प्रज्जवलित करके किया। देवनानी का गोवा की धरती पर राजस्थानी साफा पहनाकर स्वागत किया गया।देवनानी ने कहा कि गोवा में राजस्थान के शौर्य, त्याग, बलिदान, साहस एवं समृद्ध सांस्कृतिक परम्पराओं को याद करते हुए राजस्थान दिवस का आयोजन राजस्थान एवं राजस्थान के लोगों के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि राजस्थान और गोवा में सांस्कृतिक समानताएं हैं। दोनों राज्यों का विविधतापूर्ण प्राकृतिक सौन्दर्य ऐतिहासिक गौरव है।

गोवा की पहचान मनोहारी समुद्री तट है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गोवा और राजस्थान के बुनियादी ढांचा विकास पर्यटन संवर्धन और ऊर्जा संरक्षण के लिए विशेष प्रयास किए गए हैं। दोनों राज्यों के किले केवल स्थापत्य के ही उदाहरण नहीं है बल्कि वे संघर्ष और इतिहास के साक्षी हैं।देवनानी ने कहा कि राजस्थान के लोग देश और विदेश में प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने राजस्थान के प्रवासियों को अपनी जड़ों से जुड़ने का आह्वान किया। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों का सम्मान भी किया गया।

## राजस्थान में सेना में भर्ती की आवेदन तिथि बढ़ाई

जयपुर। राजस्थान में सेना के जयपुर मुख्यालय भर्ती क्षेत्र ने वर्ष 2025-26 के लिए भारतीय सेना में शामिल होने के लिए पंजीकरण तिथि 25 अप्रैल तक बढ़ा दी है।राजस्थान में सेना के जन सम्पर्क अधिकारी कर्नल अमिताभ शर्मा ने बुधवार को बताया कि पहले पंजीकरण की तिथि 12 मार्च से 10 अप्रैल तक थी।उन्होंने बताया कि इस पंजीकरण के लिए जेसीआ् अन्य रैंक पर अग्निवीर ;सामान्य ड्यूटी अग्निवीर ;तकनीकी अग्निवीर ;लिपिकस्टोर कीपर तकनीकी, अग्निवर ट्रेडसमैन 10वीं पास, अग्निवर ट्रेडसमैन आठवीं पास, अग्निवीर सामान्य ड्यूटी ;महिला सेना पुलिस, सैनिक तकनीकी ;नर्सिंग अस्सिस्टेंटनर्सिंग सहायक पशु चिकित्सक सिपाही फार्मा धार्मिक शिक्षक जूनियर कमीशन अधिकारी, जूनियर कमीशन अधिकारी कैटरिंग, हवलदार सेना शिक्षा कोर और हवलदार ;सर्वेयर स्वचालित मानचित्रकार की श्रेणियों के लिए अधिसूचना जारी की गई है। कर्नल शर्मा ने बताया कि योग्य उम्मीदवार ज्वाइन इन्डियन आर्मी की वेबसाइट के माध्यम से वांछित श्रेणियों के लिए आवेदन कर सकेंगे। सामान्य प्रवेश परीक्षा जून में आयोजित की जाएगी जिसके लिए प्रवेश पत्र परीक्षा की तारीख से करीब 15 दिन पहले ज्वाइन इंडियन आर्मी की वेबसाइट पर अपलोड कर किया जाएगा।

## भीषण गर्मी में वन्य जीव व पशु पक्षियों के लिए पानी के टैंकरों से भरी नाडी

सिरोही। गर्मी की शुरुआत में ही 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान के बीच वाडाखेड़ा जोड़ में व्हाट्सएप ग्रुप पहल ने वन्य जीवों की परेशानी को देखकर बचाव में किए प्रयास शुरू कर दिए। गर्मी में वन्य जीवों व मूक पशु पक्षियों के लिए एक बार फिर सेवा प्रकल्पों के तहत लगातार सक्रिय व्हाट्सएप समूह पहल ग्रुप के सदस्यों ने वाडाखेड़ा जोड़ में जानवरों के लिए गर्मी में राहत व बचाव की कवायद करते हुए मंगलवार को नागेरा नाडी में 18 पानी के टैंकर एक साथ डालें वहीं वन्य जीव व पक्षियों के लिए भोजन सामग्रीए दाना चुग्गा डालकर दिनभर बचाने का प्रयास किया।सिरोही नगर के करीब 80 सदस्यों का व्हाट्सएप पहल ग्रुप सहायक उप निरीक्षक पुलिस सचिंद्र रतनू की देखरेख में लगातार संचालित हो रहा है। उन्होंने बताया कि गर्मियों के दिनों में पानी के अभाव में बहुत से पशु पक्षी व वन्य जीव अपनी जान गंवा देते हैं उनके बचाव के लिए पहल समूह द्वारा गर्मियों में चार माह लगातार प्रतिदिन एक टैंकर नाडी में डाला जा रहा है। बताया की पानी की प्यास के मारे जानवरों को इधर.उधर नहीं भटकना पड़े इनके लिए ग्रुप के सदस्य हमेशा चिंता करते हुए प्रतिवर्ष बचाव कार्य के तहत सेवा देने जुट जाते हैं।वाड़ाखेड़ा जोड़ बहुत बड़ा एरिया वन्य जीवों से भरा है उसी की नागेरा नाडी में अब नाम मात्र का पानी बचा है। इसको देखते हुए अविलंब पहल ग्रुप ने प्रचंड गर्मी में राहत देने के उद्देश्य से वन्यजीवों के लिए टैंकर से पानी पहुंचाया। पीने के पानी से जानवरों को राहत मिलने के साथ ही नाडी के आसपास की भूमि गीली रहने से पशु पक्षी व जानवरों को गर्मी से राहत मिलती है।

# मारुति की ग्रैंड विटारा नए अवतार में, शुरुआती कीमत 11.42 लाख




नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ;एमएसआईएल ने मंगलवार को अपनी लोकप्रिय मिड.साइज स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल ;एसयूवी ग्रैंड विटारा को नए अवतार में लॉन्च कियाए जिसकी शुरुआती एक्सशो रूम कीमत 11.42 लाख रुपए है।कंपनी के विपणनन और बिक्री के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी पार्थो बनर्जी ने मंगलवार को बताया कि नई ग्रैंड विटारा के सभी वेरिएंट में अब छह एयरबैग स्टैंडर्ड तौर पर दिए गए हैंए जो कंपनी की सुरक्षा को लेकर बढ़ती प्रतिबद्धता को दर्शाता है। साथ ही एसयूवी में कई नए प्रीमियम फीचर भी जोड़े गए हैं जिनमें वायरलेस कनेक्टिविटी के साथ 22.86 सेंटीमीटर ;9 स्मार्टप्ले प्रो इंफोटेनमेंट सिस्टम हेड.अप डिस्प्ले 360 डिग्री कैमरा वायरलेस चार्जिंग डॉक वेंटिलेटेड सीट्स क्लेरियन द्वारा प्रीमियम साउंड सिस्टम सुजुकी कनेक्ट टेक्नोलॉजी और पैनोरमिक सनरूफशामिल हैं। बनर्जी ने बताया कि मारुति ने ग्रैंड विटारा के मजबूत हाइब्रिड संस्करण में एक नया डेल्टा़ वेरिएंट भी पेश किया हैए जिसकी कीमत 16.99 लाख रुपये रखी गई है। यह नया वैरिएंट पहले से मौजूद जेटा प्लस, अल्फा प्लस, और उनके नए ;ओ संस्करण के साथ लाइनअप का हिस्सा होगा।

ग्रैंड विटारा मजबूत हाइब्रिड संस्करण में डुअल पावरट्रेन दिया गया हैए जो पेट्रोल इंजन और लिथियम.आयन बैटरी से चलने वाली इलेक्ट्रिक मोटर का मेल है। इससे बेहतरीन माइलेज और प्रदर्शन मिलता है। नई ग्रैंड विटारा अब ई20 ईंधन के अनुकूल भी हो गई है। इस एसयूवी में अब जेटा और अल्फा वेरिएंट के साथ उनके ;ओ संस्करण में सनरूफ के ज्यादा विकल्प भी दिए गए हैं जो ग्राहकों की मांग को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं।उन्होंने कहा कि यदि सुरक्षा फीचर्स की बात करें तो ग्रैंड विटारा में अब स्टैंडर्ड तौर पर हिल होल्ड असिस्ट के साथ इलेक्ट्रॉनिक स्टैबिलिटी प्रोग्राम ;ईएसपी फ्रंट और रियर डिस्क ब्रेक के साथ एंटी.लॉक ब्रेकिंग सिस्टम ;एबीएस इलेक्ट्रॉनिक ब्रेकफोर्स डिस्ट्रीब्यूशन ;ईबीडी सभी सीटों पर तीन.पॉइंट ईएलआर सीट बेल्टए आइसोफिक्स चाइल्ड सीट माउंट और अन्य कई एडवांस सुरक्षा तकनीकें शामिल हैं।

नए संस्करण मॉडल में नया आर 17 प्रिसीजन कट एलॉय व्हील डिज़ाइनए आठ.वे पावर्ड ड्राइवर सीट 6एटी वेरिएंट में इलेक्ट्रॉनिक पार्किंग ब्रेक पीएम 2.5 डिस्प्ले के साथ ऑटो एयर प्यूरिफायर नई एलईडी केबिन लाइट और रियर डोर सनशेड जैसे फीचर्स भी जोड़े गए हैं।

बनर्जी ने ग्रैंड विटारा के नए संस्करण की लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए कहा कि कंपनी ग्राहकों की बदलती प्राथमिकताओं को समझते हुए अपने उत्पादों को लगातार बेहतर बना रही है। नई ग्रैंड विटारा सुरक्षा आराम और प्रीमियम अनुभव के नए मानक स्थापित करती है और मिड.साइज एसयूवी श्रेणी में मारुति की मजबूत पकड़ को और सुदृढ़ करती है।

## बारां में जुआ खेलते 7 अरेस्ट, दो लाख की नकदी जब्त

बारां। राजस्थान के बारां जिले में कस्बाथाना पुलिस थाना क्षेत्र के मझारी गांव में ताश के पत्तों पर जुआ खेलते सात लोगों को गिरफ्तार करके दो लाख से अधिक राशि जब्त की है। पुलिस अधीक्षक चौधरी ने बताया कि कस्बाथाना थानाधिकारी योगेशकुमार शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम जुआ.सट्टा के विरूद्ध कार्यवाही करत हुए ग्राम मझारी के माल में ताश के पतो पर जुआ खेलते हुए मुल्जिमान हरिओम किराड 52 बबलू किराड44 निवासी खटका थाना केलवाडा रामरतन 46 निवासी खाण्डा सहरोलथाना शाहाबाद सुनील 32, चंदर 49 निवासी तिलगंवा थाना कस्बाथाना कैलाशचन्द किराड 53 निवासी खटका गुड्डु 33 निवासी पीपलखेडी थानाकस्बाथाना को? गिरफ्तार कर उनके कब्जे से जुआ राशि 201610 रूपए मय जुआ उपकरण ताश के 52 पतों को बरामद किया है।

## अस्पताल के वार्ड में आग लगने अफरा.तफरी का माहौल

चित्तौड़गढ़। राजस्थान में चित्तौड़गढ़ के जिला अस्पताल के कॉटेज वार्ड में मंगलवार को आग लगने अफरा तफरी का माहौल बन गया।

प्राप्त जानकारी अनुसार श्री सांवलियाजी जिला अस्पताल स्थित कॉटेज वार्ड भवन की दूसरी मंजिल के कमरा नम्बर 11 में लगे एयर कंडीशनर ;एसीद्ध के रख रखाव का कार्य चल रहा था। इलेक्ट्रिशियन ने मरम्मत के बाद एसी चालू कर दिया और चला गया।सूत्रों ने बताया कि कुछ ही देर बाद एसी से धुआं निकलने लगा और तेज धमाके के साथ उसमें आग लग गई। कमरे में मौजूद मरीज तत्काल बाहर भागे। भवन में धुआं भर जाने से सभी मरीज बाहर निकल भागे। कुछ ही देर में मौके पर पुलिस और दमकल भी आ गई। दमकलकर्मियों ने बाहर से ऊपरी मंजिल की खिड़की के कांच तोड़कर आग बुझाई। हालांकि कोई जनहानि नहीं हुईए लेकिन सम्पूर्ण अस्पताल में इस घटना से अफरा.तफरी का माहौल बन गया।

## राजस्व मंडल:18 कार्मिकों की सहायक राजस्व लेखाधिकारी ग्रेड प्रथम पर पदोन्नति

अजमेर। राजस्व मंडल में विभागीय पदोन्नति समिति की सिफारिश के अनुरूप रा'य के 18 सहायक राजस्व लेखाधिकारी ;ग्रेड द्वितीय को सहायक राजस्व लेखाधिकारी ग्रेड प्रथम के पद पर पदोन्नति प्रदान की है।इनमें वर्ष 2023-24 व 2024-25 के तहत 14 कार्मिक नियमित डीपीसी सेए 2 कार्मिक रिव्यु डीपीसी तथा 2 कार्मिक डेफर्ड आधार पर पदोन्नत किए गए हैं। सभी कार्मिक वर्तमान पदस्थापन स्थल पर पदोन्नत पद पर उपस्थिति देंगे। इनके पदस्थापन आदेश पृथक से जारी किए जाएंगे।

## SIMS Hospital Launches 'Care Bears' – A Free Paediatric Health Check-up Program for Children in Government Palvadi and Kindergartens Across Chennai



On the occasion of World Health Day, and in line with this year's theme "Healthy Beginnings, Hopeful Futures," SIMS Hospital, Vadapalani, a leading centre for advanced healthcare services, launched 'Care Bears – Nurturing the Future', a city-wide free paediatric health check-up program. This initiative is aimed at benefiting children under the age of five studying in Government Palvadi and Kindergarten schools across Chennai.SIMS Hospital Launches 'Care Bears' – A Free Paediatric Health Check-up Program for ChildrenThe launch event was graced by Dr. Kalanidhi Veerasamy, Honourable Member of Parliament, who presided as the Chief Guest and officially inaugurated the program.Speaking at the launch, Dr. Raju Sivasamy, Vice President, SIMS Hospital, said, "World Health Day serves as a reminder that the health of our youngest citizens must remain a top priority. Every child deserves access to quality preventive healthcare early in life. Through 'Care Bears', SIMS Hospital is proud to invest in a future where children are given the healthiest possible start. This program represents more than just a health check, it's our commitment to making preventive paediatric care accessible to all. Let this be a starting point for collective action – by families, institutions, and communities – to ensure no child is left behind when it comes to basic healthcare and well-being."'Care Bears' is an initiative spearheaded by the Paediatrics Department at SIMS Hospital in collaboration with Government Palvadi and Kindergarten schools across Chennai. The program is designed to offer comprehensive paediatric care that includes regular screening, early diagnosis, nutritional guidance, and parent education.As part of this outreach, a dedicated team of paediatricians and healthcare professionals from SIMS Hospital will conduct monthly visits to participating schools. Children aged 0-5 years will be screened for growth parameters including height, weight, developmental milestones, and cognitive and emotional wellbeing. Additional assessments will include checks for chest deformities, dental hygiene, sensory health such as vision and hearing, and overall physical wellness.Beyond health assessments, Care Bears will also feature interactive awareness sessions for parents, focusing on the importance of early intervention and how to nurture a healthy child. These sessions aim to equip parents with the knowledge and confidence to make informed decisions about their child's health journey.With a goal to impact 10,000 children by the end of 2025, SIMS Hospital reaffirms its commitment to preventive healthcare and community well-being – one child at a time.

# यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने विभिन्न विकास कार्यों का किया शुभारंभ

अजमेर। नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग के राज्यमंत्री झाबर सिंह खर्रा ने मंगलवार को पार्क का लोकार्पण एवं सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। राज्यमंत्री खर्रा ने अजमेर विकास प्राधिकरण द्वारा 142 लाख रुपए की लागत से राजा साईकिल चौराहे के समीप निर्मित पार्क का लोकार्पण किया साथ ही उन्होंने 10 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले श्रीनगर रोड से जेपी नगर टेंपो स्टैंड तक मुख्य सड़क के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए खर्रा ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक अनिता भदेल के प्रयासों से क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्य किए जा रहे है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार विकास एवं जनकल्याण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। यह पार्क क्षेत्रवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण सौगात है। इससे नागरिकों को स्वच्छ एवं हरित वातावरण उपलब्ध होगा। युवाए प्रौढ़ एवं वृद्ध इसका सदुपयोग कर सेहतवर्धन करे। साथ ही पार्क की स्वच्छता हरियाली एवं रखरखाव में अपना योगदान अवश्य दें। श्रीनगर रोड़ से जेपी नगर टेंपो स्टैण्ड तक मुख्य सड़क निर्माण से स्थानीय नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी एवं सड़क का दायरा बढ़ने से यातायात सुगम होगा। नाका मदार क्षेत्र को मदार रेलवे स्टेशन से जोड़ने के लिए भूमि अधिग्रहण का कार्य जल्द किया जाएगा। राज्यमंत्री खर्रा ने पार्क के समीप स्थित अन्नपूर्णा रसोई का भी निरीक्षण किया। उन्होंने रसोई में दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता की जांच की एवं अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि नागरिकों को पौष्टिक एवं स्वच्छ भोजन समय पर उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि सरकार गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के लिए इस योजना को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रयासरत है।



## भागीरथ चौधरी ने कहा, बह रही विकास की गंगा

केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए 51 लाख की राशि की स्वीकृति जारी की गई है। विकास की दृष्टि से आगामी कालखंड महत्वपूर्ण रहेगा। 25 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए है। उन्होंने कहा कि पीएम आवास, जल जीवन मिशन, मुफ्त दवा जैसी अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं से प्रत्येक वर्गए महिला, युवा, किसान, मजदूर के उत्थान लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अजमेर के रेलवे स्टेशन को 500 करोड़ रूपए की लागत 10 मंजिला बनाया जाएगा। दौराई से उत्तराखंड के लिए सीधी रेल सुविधा उपलब्ध है। गांधीनगर जयपुर स्टेशन के तर्ज पर मदार स्टेशन को भी सैटेलाइट स्टेशन के रूप में विकसित किया जाएगा।

## विधायक भदेल बोली, अंत्योदय के ध्येय से हो रहे कार्य

विधायक अनीता भदेल ने केन्द्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी से आग्रह कर कहा कि मदार रेलवे स्टेशन नाका मदार क्षेत्र से जुड़ता है। इसका विकास सैटेलाइट स्टेशन के रूप में किया जाना चाहिए। मदार क्षेत्र को स्टेशन से जोड़ने के लिए भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता है। इससे क्षेत्र का विकास होगा और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में 63 लाख रुपए की लागत से नालियों का निर्माण किया गया है। डॉ.रेणु शर्मा के मकान से राजकोठी विद्यालय तक 3.5 करोड़ रुपए की लागत से नाले का शिलान्यास जल्द किया जाएगा। अजमेर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में नाला निर्माण के लिए के लिए 44 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। सरकार द्वारा विकास के लिए राशि लगातार दी जा रही है। राज्य सरकार अंत्योदय के ध्येय से कार्य कर रही है।

## प्रदेश में पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता होगी

उन्होंने कहा कि राज्य की पेयजल एवं सिंचाई जल के संकट का ईआरसीपी राम जल सेतु का शिलान्यास कर राज्य के 23 जिलों में पीने के पानी के साथ सिंचाई के लिए भी जल उपलब्ध हुआ। गुजरात सरकार जल्द माही का जल का पूर्ण उपयोग राजस्थान के लिए दे देगी। इसका जोधपुर नागौर एवं अजमेर को लाभ मिलेगा। लूणी का पानी को टनल के माध्यम से अजमेर को जल्द मिलेगा। यमुना का जल बरसात में बाढ़ के रूप में तबाही लाता है। इसका राजस्थान को मिलने से जल संकट में कमी आएगी। इसके लिए राजस्थान एवं हरियाणा सरकार संयुक्त रूप से डीपीआर तैयार कर रही है।

## खदानों के समीप ताप विद्युत गृह निर्मित होंगे

उन्होंने बताया कि एनटीपीसी के साथ हुए समझौते के अनुसार कोयले की खदानों के समीप ताप विद्युत गृह निर्मित किया जाएगा। थर्मल पावर के समीप यह ताप विद्युत गृह निर्मित होने से राज्य को सस्ते में बिजली मिलेगी। बजटीय घोषणाएं धरातल पर उतरना शुरू हो चुकी है। राइजिंग राजस्थान के अंतर्गत 33 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इनमें से 3 लाख करोड़ के निवेश धरातल पर उतर चुके हैं। भारत विश्व में विकसितए समृद्ध एवं सशक्त देश के रूप में स्थापित होगा। इसी क्रम में रा'य सरकार भी प्रदेश को विकसित राज्य की श्रेणी में लाने पर काम कर रही है।

## पशुपालकों की आय में वृद्धि पर जोर

उन्होंने बताया कि गोवंश के गोबर की गैस के संयंत्र स्थापित कर पशुपालकों की आय में वृद्धि एवं स्वच्छ पर्यावरण के निर्माण का योजनांतर्गत कार्य जारी है। राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र वंचितों को जागरूक नागरिक सहायता कर लाभान्वित करवाए। साथ ही क्षेत्र की समस्याओं के संबंध में विधायक द्वारा अवगत करवाए। अपने प्रदेश शहर एवं क्षेत्र को आदर्श क्षेत्र बनाने में सभी सहभागिता निभाएं। सरकार द्वारा नागरिक सुविधाओं के विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। ये कार्य उसी दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

इस अवसर पर अध्यक्ष रमेश सोनी एडीए आयुक्त नित्या के उपायुक्त खुशाल यादव सुरेंद्र सिंह शेखावत धर्मेश जैन राजेश घाटे रविन्द्र सिंह जादौन पार्षद रजनीश चौहान भवानी सिंह जेदिया हितेश डाबरिया गोविंद राजए संदीप माखीजानी शीलम बैरवा अंजना शेखावत सनी नारनोलिया रेणु शर्मा संतोष मौर्य सुरेंद्र वर्णवाल रोमेश मिश्रा आंनद चौधरी नितेश आत्रे रोहित सोगरा विनोद सदवानी कृष्णा सोनी रीना कुशवाहा बीना टांक किरण तुंगारिया अंकित गुर्जर सुंदर टांक गौरव उपाध्याय हेमलता खत्री कुसुमलता किरण तुंगरिया भावना चौहान मोहन राजौरिया सोहन शर्मा मोहन लालवानी प्रदीप तुंगरिया ललित सामरिया विनोद बागोरिया सागर झामनानी राहुल गोपाल कांत सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# अहिल्याबाई के समग्र जीवन में पुण्य के अलावा कुछ भी नहीं हैं, इसलिए वे पुण्यश्लोका हैं-भैय्याजी जोशी

जयपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य भैया जी जोशी ने कहा कि अहिल्याबाई के समग्र जीवन में पुण्य के अलावा कुछ भी नहीं है इसलिए वे पुण्यश्लोका हैं। एक सूबे का कार्य संभालने वाली इतिहास में वे एकमात्र ऐसी व्यक्तित्व हैं जिन्हें देवी कहा गया। उनका जीवन और आचरण नर्मदा के जल के समान शुद्ध और पारदर्शी था। वे शिव भक्त थीं।उन्होंने जब महेश्वर को अपनी राजधानी बनाया तो तुलसी पत्र रखकर प्रवेश किया। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए महेश्वर में कपड़ा उद्योग की स्थापना की। महेश्वर की साड़ियां आज भी इसकी साक्षी हैं। उन्होंने कहा कि वे भले ही मालवा की शासक थींए लेकिन उनकी दृष्टि राष्ट्रीय थी। उन्होंने अपने राज्य की सीमा के बाहर भी मंदिरों का जीर्णोद्धार करवाया घाट बनवाए अन्नसत्र और सदावर्त चलाए। उन्होंने 60 हजार महिलाओं की सेना तैयार की। उनकी राजनीतिक सूझबूझ अद्भुत थी।भैय्याजी जोशी पुण्यश्लोका रानी अहिल्याबाई होल्कर के त्रिशताब्दी जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में बुधवार को बिड़ला सभागार जयपुर में आयोजित एक समारोह में सम्बोधित कर रहे थे। समारोह का आयोजन विश्वमांगल्य सभा एवं राजस्थान सरकार के सांस्कृतिक एवं पर्यटन मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, दिल्ली से सांसद मनोज तिवारी ने भी अपने विचार रखे। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किए गए सामाजिक व नारी सशक्तिकरण के कार्यों का उल्लेख किया और कहा कि आज के माता पिता को उनसे शिक्षा लेते हुए बच्चों को संस्कारित करने की आवश्यकता है।उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि अहिल्याबाई ने अपने शासनकाल में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया उन्हें आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिलवाया और स्वरोजगार के लिए प्रेरित




किया।दिल्ली से सांसद मनोज तिवारी ने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर का स्मरण करते हुए ष्जो दीप जलाया मां अहिल्या नेए उसकी लौ को बढ़ाना होगा। उसी दीये से और दीयाए मिलकर जलाना होग‌ा् कविता के माध्यम से उनकी स्तुति की। विश्वमांगल्य सभा की राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री पूजा देशमुख ने कहा कि समारोह का उद्देश्य रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन उनके शासनकाल, सामाजिक कार्यों और आध्यात्मिक दृष्टिकोण को समाज के समक्ष प्रस्तुत करना है। विश्वमांगल्य सभा महिलाओं द्वारा संचालित संगठन है जो महिलाओं के बीच काम करते हुए देश को पुनः विश्व गुरु बनाने के लिए कृत संकल्पित है।

राष्ट्रसमर्था देवी अहिल्याबाई की पुण्यगाथा नाटक का मंचनः- इस अवसर पर देवी अहिल्याबाई के जीवन पर आधारित नाटक राष्ट्रसमर्था देवी अहिल्याबाई की पुण्यगाथा का भव्य मंचन हुआए जिसे नागपुरए महाराष्ट्र से आए 40 कलाकारों ने अपने अभिनय से जीवंत बना दिया। मातृत्व को समर्पित संस्था विश्वमांगल्य सभा द्वारा देश के 101 जिलों में इस नाटक के मंचन की योजना है। यह नाटक सर्व प्रथम काशी के नमो घाट पर मंचित हुआ थाए जिसमें लगभग 5 हजार लोगों की उपस्थिति रही थी। जयपुर इसका 30वां पड़ाव था। नाटक की स्क्रिप्ट संस्था की राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. वृशाली जोशी ने लिखी है।इस अवसर पर विश्वमांगल्य सभा के केंद्रीय परामर्शदाता प्रशांत हरतालकरए अखिल भारतीय फिक्की फ्लो की राष्ट्रीय अध्यक्ष नीता बूचराए सांसद मंजू शर्मा समेत अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।







स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक विजय सिंह ने मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419 ब्रह्मपुरी, जयपुर रोड से मुद्रित करवाकर कार्यालय 6/12 बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील, अजमेर (राज.) से प्रकाशित किया। सम्पादक- विजय सिंह मो. 9887907277 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अजमेर रहेगा)